वीरेन्द्र कुमार,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी,
मसूरी।

नियुक्ति अनुभाग–8 लखनऊः दिनांक 07 जून, 2011

विषयः– उ0प्र0 संवर्ग के भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2010 बैच के आई0ए0एस0 परिवीक्षकों के जिला प्रशिक्षण हेतु जिलों में तैनाती।

महोदय,

उ0प्र0 संवर्ग के भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2010 बैच के आई0ए0एस0 परिवीक्षको के जिला प्रशिक्षण हेतु जिलों में तैनाती की अपेक्षा विषयक आपके पत्र दिनांक 23.5.2011 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 10 जून, 2011 को अधिकारियों के प्रोफेशनल कोर्स फेज–1 की समाप्ति पर वर्ष 2010 बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को जिला प्रशिक्षण हेतु सहायक मजिस्ट्रेट तथा सहायक कलेक्टर के रूप में निम्नानुसार उनके नाम के सम्मुख अंकित जिलों में तैनात किया जाता हैः–

क्रमांक	अधिकारी का नाम/सर्वश्री	तैनाती का जनपद
1.	अखण्ड प्रताप सिंह	मैनपुरी
2.	आशुतोष निरंजन	आजमगढ
3.	भवानी सिंह खंगरौत	फैजाबाद
4.	के. बालाजी	झॉसी
5.	कुमार प्रशान्त	अलीगढ़
6.	सुश्री मोनिका रानी	बागपत
7.	सुश्री नेहा शर्मा	उन्नाव
8.	नितीश कुमार	महोबा
9.	संजय कुमार खत्री	जालौन
10.	शम्भू कुमार	बलिया
11.	योगेश कुमार	गोरखपुर
12.	सुजीत कुमार	फिरोजाबाद

2– अनुरोध है कि कृपया उक्त अधिकारियों को तदनुसार निर्देशित करने का कष्ट करें कि दिनांक 10 जून, 2011 को अकादमी, मसूरी से अवमुक्त होने के पश्चात वे सम्बन्धित जिलाधिकारियों को प्रशिक्षण हेतु रिपोर्ट करें।

3– जहॉ तक परिवीक्षकों को अवकाश स्वीकृत किए जाने का प्रश्न है, राज्य शासन परिवीक्षाधीन अधिकारियों को प्रशिक्षण की अवधि में अवकाश स्वीकृत किए जाने के पक्ष में नही है किन्तु परिवीक्षकों की वास्तविक तथा अपरिहार्य परिस्थितियों के दृष्टिगत उन्हें कम से कम अवकाश स्वीकृत किए जाने पर विचार किया जा सकता है। इसी प्रकार यद्यपि कार्यभार ग्रहण करने हेतु नियमानुसार 6 दिन तैयारी तथा प्रत्येक 400 किमी0 की दूरी के लिए एक दिन का यात्राकाल अनुमन्य है परन्तु इसे यथासम्भव उपभोग न किया जाए।

भवदीय,

(वीरेन्द्र कुमार)
उप सचिव

संख्या–540(1)/दो–8–2008–तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– निदेशक, उ0प्र0 प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी, लखनऊ को उनके पत्रांक–362 दिनांक 01.6.2011 के संदर्भ में ।

2– सम्बन्धित जिलाधिकारियों को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी से प्राप्त 52 सप्ताह के जिला प्रशिक्षण सम्बन्धी कार्यक्रम की प्रति संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

3– नियुक्ति अनुभाग–1

4– गार्ड फाइल।

संलग्नकः–यथोक्त।

आज्ञा से,

(वीरेन्द्र कुमार)
उप सचिव